उपलब्धि | जबलपुर तहसील को मिली बड़ी सफलता

# 293 जनगणना ब्लॉकों का कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा



**नवभारत, जबलपुर।** तहसील जबलपुर (ग्रामीण) ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' कार्य को रिकॉर्ड समय में पूर्ण कर जिले में गौरव हासिल किया है। यह उपलब्धि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं खण्ड जनगणना अधिकारी तहसील जबलपुर अभिषेक सिंह ठाकुर एवं चार्ज जनगणना अधिकारी एवं तहसीलदार जबलपुर प्रदीप कुमार तिवारी के नेतृत्व में प्राप्त हुई है।

उल्लेखनीय है कि 293 जनगणना ब्लॉकों के साथ जबलपुर तहसील जिले की दूसरी सबसे बड़ी तहसील होने के बावजूद निर्धारित समय से पूर्व कार्य पूर्ण करने वाली तहसील बनी। विशाल भौगोलिक क्षेत्र में फैली इस तहसील में छपरा-बरेली पठार जैसे पहाड़ी क्षेत्र तथा बरगी डेम डूब क्षेत्र के अंतर्गत कठौतिया, बढ़याखेड़ा ग्राम जैसे कठिन भूभाग शामिल हैं, जहां प्रगणकों को सूचीकरण कार्य हेतु नाव से जाना पड़ा।

### 255 प्रगणक एवं 43 सुपरवाइजरों से लीं गईं सेवाएं

इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए 255 प्रगणक एवं 43 सुपरवाइजरों की सेवाएं ली गईं। कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने में जनगणना प्रभारी राजकुमार बैरागी, फील्ड ट्रेनर अरविंद कुमार बाजपेयी, भगवान दास पटेल, सुपरवाईजर नरेंद्र सूर्यवंशी, सुयश जैन तथा शालिनी सोनी का उल्लेखनीय योगदान रहा। यह भी उल्लेखनीय है कि जबलपुर जिले में प्रथम मकान गणना कार्य पूर्ण करने का गौरव भी इस तहसील के ग्राम बढ़ैयाखेड़ा के प्रगणक चैतन्य कुसरे को प्राप्त हुआ है। वहीं जिले में प्रथम सुपरवाइजर सर्किल पूर्ण करने का श्रेय भी जबलपुर तहसील के ब्रजेश लोधी को मिला है। इधर सुभाष सिंह ठाकुर एवं रंजीत मण्डलेकर को तहसील का सबसे बड़ा जनगणना ब्लाक पूर्ण करने का गौरव प्राप्त हुआ है। तहसीलदार प्रदीप तिवारी ने सभी प्रगणकों, सुपरवाइजरों, फील्ड ट्रेनरों एवं जनगणना कार्य में सहयोग करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को इस सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वहीं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी जबलपुर बलवंत रहंगडाले, जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल से जिला प्रभारी मनोज नाथानी एवं अशोक चौबे ने भी जबलपुर तहसील को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# मनमर्जी से की जा रही कटौती, ग्रामीण परेशान

भीषण गर्मी में बिजली विभाग की घोर लापरवाही, बच्चे, बूढ़े सहित क्षेत्रीयवासी हो रहे हलाकान




**सुकरी, नवभारत।** ग्राम सुकरी फीडर की लाइट आए दिन कर्मचारियों द्वारा किसी भी समय बंद कर दिया जाता है जिस कारण किस चिल्लाती गर्मी में बूढ़े बच्चे जवान दिन रात परेशान होते हैं इसका मुख्य कारण है बिजली विभाग में बैठे कर्मचारियों का कोई टाइम टेबल नहीं किसी भी समय 2 घंटा 3 घंटा लाइट बंद कर दी जाती है।

क्षेत्रीय वासियों ने बताया कि जब इस समस्या को लेकर संबंधित कर्मचारियों को फोन लगाओ तो यह कहा जाता है कि ऊपर से आदेश है अगर आपके पास ऊपर से आदेश है तो उसे आदेश की प्रति आप क्यों नहीं बताते हो इससे प्रतीत होता है कि बिजली विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत के कारण ग्रामीण जन गर्मी में परेशान हो रहे हैं।

### इन ग्रामों में आए दिन बंद रहती है बिजली

अभी हाल ही में बालक शाला स्कूल के पास एक ट्रांसफार्मर खराब हो गया है अनेकों बार निवेदन करने पर भी वह नहीं बदल गया इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि विभाग खुद नहीं चाहता है कि ग्रामीण जनों को समय-समय पर हम बिजली उपभोक्ताओं को सुविधा मिले ग्राम सुकरी से लगे अनेक ग्राम है जो बिजली से आज भी वंचित रहते हैं, सुकरी मंगेला पड़रहा धर्व्ह बम्हनी सिलूआ टेमर रेपुरा थाना हिनोता पिपरिया साली बाड़ा तिंसी तिंसा इत्यादि ग्राम लाइट से हर रोज वंचित रहती है छोटे-छोटे बच्चे बीमार हो रहे हैं और कोई जनप्रतिनिधि भी हम ग ग्रामीणों की समस्या सुनने वाला नहीं है।

### ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

अगर इसी तरह का रवैया बिजली विभाग कर रहा तो आने वाले समय में सभी ग्रामों के लोग सब स्टेशन बरगी में बिजली के खिलाफ वृहद आंदोलन करेंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी हमारा सभी क्षेत्रीय जनों का बिजली विभाग के संबंधित कर्मचारियों से निवेदन है कि कृपया लाइट की कटौती इस भीष्म गर्मी में ना की जाए अगर किसी कि व्यक्ति को कोई जनहानि होती है इसकी जवाबदारी मध्य प्रदेश विद्युत मंडल बरगी के ऐ ई की होगी।

## दस हजार की रिश्वत लेते लोकायुक्त ने बाबू को दबोचा

**सिवनी।** जिले के अंतर्गत विकासखंड धनौरा के अंतर्गत बीडीओ कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन का बाबू अरुण कुमरे को दस हजार रुपये की रिश्वतखोरी करते हुए जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने धर दबोचा था। लोकायुक्त की कार्यवाही हुए पांच दिन बीत गए अभी तक निलंबन की कार्यवाही नही हुई, पांच दिन बाद भी सहायक आयुक्त लाल जी मीणा द्वारा अभी भी भ्रष्ट बाबू अरुण कुमरे को अपना संरक्षण देने का काम कर रहे हैं जो इस बात का प्रमाण है कि पांच दिवस बाद भी मामले को संज्ञान में लिया न ही कोई कार्यवाही की सूत्र तो यह भी बताते है कि भ्रष्टाचार के इस खेल में धनौरा शिक्षक संघ के कुछ लोगों भी शामिल हैं जो अरुण कुमरे के साथ मिलकर शिक्षकों के अन्य कामो के एवज में शिक्षकों से पैसे वसूले जाते थे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी की माने तो बीडीओ कार्यालय में पदस्थ राकेश सैयाम बाबू द्वारा भी कामो के एवज में पैसे की मांग की जाती है।

## 25 तक प्राप्त किये जायेंगे प्रारूप मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति

पंचायतों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण को लेकर स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**जबलपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतों की मतदाता सूची के जारी वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 की आज सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पंचायतों की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 15 मई को किया जा चुका है। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्तियां 15 मई से 25 मई तक प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा प्राप्त किये जायेंगे।

बैठक के दौरान अधिकारियों और राजनैतिक दलों के बीच नगरीय निकाय और पंचायतों की शुद्ध एवं पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करने तथा वार्डों के परिसीमन को लेकर गहन चर्चा हुई।

इस दौरान यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि वार्डों में एक ही परिवार के सभी व्यक्तियों के नाम एक ही मतदान केंद्र में शामिल किए जाएं, जिससे भविष्य में मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में जानकारी दी गई कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने या किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए दावा-आपत्ति की अंतिम तिथि 25 मई निर्धारित की गई है। प्राप्त दावे आपत्तियों का निराकरण 30 मई तक किया जायेगा तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जून को ग्राम पंचायतों एवं विहित स्थानों पर किया जायेगा।

## रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति के छात्रों से आवेदन आमंत्रित

**जबलपुर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विशिष्ट क्रीड़ा परिसर तिलहरी में सत्र 2026-27 हेतु रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी आवेदन पत्र विशिष्ट क्रीड़ा परिसर तिलहरी जबलपुर कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं तथा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित 15 जून तक परिसर कार्यालय में ही जमा कर सकते हैं। जनजातीय विभाग के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्रीड़ा परिसर में प्रवेश हेतु नवीन प्रवेश पात्रता परीक्षा 24 एवं 25 जून को प्रात: 8 बजे से शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं टैलेंट सर्च के माध्यम से आयोजित की जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदक का अनुसूचित जनजाति वर्ग से होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ उन्हें जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।

# गैस सिलेंडर के रिसाव और अग्नि दुर्घटना से बचने दी सलाह

ग्राम पंचायत पड़रिया के जनपद पंचायत पनागर में आयोजन



**नवभारत, जबलपुर।** ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के तत्वाधान में ग्राम परिसंवाद कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत पड़रिया जनपद पंचायत पनागर में किया गया । जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन सोलंके एवं कार्यकारी अध्यक्ष शुभम रंगारी के आदेशानुसार गांव-गांव में जाकर जन जागरूकता के कार्यक्रम किए जा रहें है।

इन कार्यक्रम में ग्रामवासियों को जगाने और जागरूक करने की दृष्टि से ग्राम में गांव परिसंवाद के माध्यम से फाउंडेशन द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाकर घरेलू गैस सिलेंडर का उचित उपयोग की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रजनी रजक, सरपंच ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर जन जागरूकता जैसे कार्यक्रम कर गांव के लोगों को घरेलू गैस सिलेंडर के प्रति जागरूक करना एक सराहनीय प्रयास है । वहीं ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के प्रदेश प्रमुख संदीप गुप्ता ने महिलाओं को घरेलू गैस सिलिंडर के रिसाव से आग से बचाव की जानकारी दी। आयोजन के दौरान मंचासीन अतिथियों का ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के तत्वाधान में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### ग्रामीणों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

समाज सेवा और उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाली संस्था ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन ने अपना तीसरे स्थापना दिवस के शुभ उपलक्ष्य में दक्षता की राय पुस्तक एवं जन जागृति गीत भाई आया रे गैस सिलेंडर का विमोचन किया। इस गीत का उद्देश्य गैस वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाना तथा उपभोक्ताओं को सिलेंडर का वजन जांचने लीकेज की जांच एक्सपायरी डेट की पुष्टि और सही बिलिंग के प्रति जागरूक करना है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त गीत को गैस वितरण करने में उपयोग की जाने वाली गाड़ियों में बजाया जाए। इस मौके पर दिलीप रजक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, महिला समूह अध्यक्ष अंशो रजक, नेहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

लूटकांड | सिवनी पुलिस ने खैरीटेक क्षेत्र में नागपुर के शख्स सोहन परमार से करीब 3 करोड़ रुपए जब्त किए थे

# एसडीओपी पूजा पांडे को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**सिवनी।** जिले में हुए हवाला लूटकांड की मुख्य आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे को आखिरकार सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। एसडीओपी ने कोर्ट को बताया कि उसके साथ 2 साल का बच्चा है। इसी आधार पर सोमवार को देश की सर्वोच्च अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। हालांकि, ट्रायल कोर्ट में केस यथावत चलता रहेगा।

निलंबित एसडीओपी पूजा पांडे करीब 3 करोड़ रुपए के हवाला लूटकांड की मुख्य आरोपी हैं। उनके साथ कई पुलिसकर्मी भी इस केस में शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की कोर्ट ने कहा- याचिकाकर्ता महिला है। वह एकल मां है और उसका 2 साल का बच्चा उसके साथ जेल में है।



### यह है पूरा मामला

यह मामला खैरीटेक क्षेत्र में कथित हवाला रकम की लूट से जुड़ा है, जिसने पूरे प्रदेश में सनसनी फैला दी थी। आरोप है कि वारदात को पुलिस वर्दी और हथियारों का इस्तेमाल कर योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया था। घटना सामने आने के बाद पुलिस विभाग ने उच्चस्तरीय जांच शुरू की गई थी। घटना के बाद राज्य स्तर पर विशेष जांच टीम गठित की गई थी। टीम ने कई पुलिसकर्मियों से पूछताछ की और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी जुटाए गए थे।

### 2 के खिलाफ निरस्त हो चुकी एफआईआर

मामले में अधिकांश आरोपियों को जबलपुर हाईकोर्ट से पहले ही जमानत मिल चुकी है। वहीं, दो आरोपियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर भी निरस्त हो चुकी हैं। इसके बाद पूजा पांडे ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। सिवनी पुलिस ने खैरीटेक क्षेत्र में नागपुर के शख्स सोहन परमार से करीब 3 करोड़ रुपए जब्त किए थे। पुलिस पर आरोप है कि रिपोर्ट में जब्ती सिर्फ एक करोड़ 45 लाख रुपए की दिखाई। इतना ही नहीं, आरोपी को भी बिना कार्रवाई छोड़ दिया। इसकी जानकारी वरिष्ठ अफसरों को भी नहीं दी। जिसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था। 9 अक्टूबर को सीएसपी पूजा पांडे और एसआई अर्पित भैरम ने यह 1.45 करोड़ रुपए की रकम जमा कराई थी। मामला सामने आने के बाद 9 अक्टूबर की रात को आईजी प्रमोद वर्मा ने थाना प्रभारी अर्पित भैरम समेत 9 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया था। इसके बाद 10 अक्टूबर को डीजीपी कैलाश मकवाना ने एसडीओपी पूजा पाण्डेय को भी सस्पेंड कर दिया था।

## भगतसिंह वार्ड में नलों से आ रहा मैला पानी, लोग परेशान

**सिवनी।** शहर के भगतसिंह वार्ड में इन दिनों पेयजल व्यवस्था को लेकर लोगों में भारी नाराज़गी देखने को मिल रही है। वार्डवासियों का आरोप है कि घरों में नलों से पीला और गंदा पानी आ रहा है, जिससे लोगों को पीने और घरेलू उपयोग में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कई दिनों से पानी में बदबू और गंदगी दिखाई दे रही है। कई परिवारों ने स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों की आशंका जताई है। नागरिकों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें बाजार से पानी खरीदना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने नगर परिषद और संबंधित विभाग से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द साफ पेयजल उपलब्ध नहीं कराया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# दिव्यांग, विधवा, निराश्रित पेंशन की समस्या का हो निराकरण : मांग

**नवभारत, बेलखाड़ू, जबलपुर।** प्रदेश शासन द्वारा निराश्रित, बेसहारा बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग मासिक पेंशन योजना का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस मंहगाई के दौर में पिछले दो माह की पेंशन नहीं मिलने से पेंशनधारियों को कठिनाई भरा जीवन जीना पड़ रहा है।

रामबाग के गजराज सिंह ठाकुर ने बताया कि पनागर जनपद पंचायत अंतर्गत एक ओर इन पेंशनधारियों से प्रशासन द्वारा गरीबी रेखा प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है,प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। दूसरी ओर गरीबी रेखा कार्ड बनना बंद हैं तब कहां से गरीबी कार्ड प्रस्तुत करें,इस स्थिति में ये गरीब पेंशन हेतु भटक रहे हैं।




गजराज सिंह का कहना है कि शासन प्रशासन से पटवारी से तत्काल सर्वे कराकर गरीबी रेखा में जीवन जीने वाले निराश्रित, विधवा, दिव्यांग परिवार की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर गरीबों की पेंशन शीध्र उनके खातों में भेजने एवं शासन से पेंशन राशि बढ़ाने की मांग की गई है जिससे महंगाई के दौर में यह राशि उनको कुछ राहत प्रदान करें।

बैठक | कलेक्टर ने कृषि से जुड़े विषयों पर किसान संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में दिए निर्देश

# किसानों को पशु एवं मछली पालन जैसी गतिविधियों को अपनाने करें प्रेरित

**जबलपुर, नवभारत।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने किसानों को परम्परागत खेती के साथ-साथ पशुपालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन तथा मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किसान संघों के प्रतिनिधियों से किया है। कलेक्टर श्री सिंह आज खेती किसानी से जुड़े विषयों पर चर्चा करने कलेक्ट्रेट में आयोजित किसान संघों के प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों को अपनाकर किसान न केवल आय बढ़ा सकते हैं बल्कि आय में निरंतरता भी प्राप्त कर कर सकते हैं।

कलेक्टर ने बैठक में बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत पशुपालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन तथा मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों को अपनाने पर किसानों को अनुदान और बैंको के माध्यम ऋण भी उपलब्ध कराया जायेगा। उनहोंने दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अच्छी संभावनाएं बताते हुए कहा कि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा सांची का मैनेजमेंट और मार्केटिंग का जिम्मा संभाल लेने से किसानों को दुग्ध उत्पादों की न केवल अच्छी कीमत मिल रही है बल्कि उन्हें अब हर सप्ताह भुगतान भी होने लगा है। अकेले जबलपुर दुग्ध संघ का दुग्ध संग्रहण 4 हजार लीटर प्रतिदिन से बढ़कर 13 से 14 हजार लीटर हो गया है।

### आधार से ई-केवायसी लिंक कराने पर दिया जोर

कलेक्टर ने प्रत्येक किसान की आधार से ई-केवायसी कराने पर भी जोर दिया, ताकि भविष्य में पीएम किसान जैसी शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने में किसी भी तरह की कठिनाई न हो। बैठक में सभी किसानों से फार्मर आईडी बनवाने का आग्रह भी किया गया। ऐसे किसान जिनकी फार्मर आईडी अभी तक नहीं बनी है वे जिले के प्रत्येक विकासखंड में चलाये जा रहे कृषि रथ के माध्यम से अपनी फार्मर आईडी बनवा सकते हैं।




### 15 जून से पानी उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने बैठक में किसानों द्वारा दिये गये सुझाव पर नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को 15 जून से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि खेतों को पानी उपलब्ध कराने का प्लान तैयार करें और तहसील स्तर पर किसानों को इसकी जानकारी भी दें। श्री सिंह ने पिछले वर्ष हुए नहरों की साफ-सफाई और मरम्मत के कार्यों की जानकारी भी तहसील स्तर पर किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

### जैविक हाट के आयोजन की कलेक्टर ने की सराहना

खेती किसानी से जुड़े विषयों पर चर्चा करने कलेक्ट्रेट में आयोजित इस बैठक में किसान संघों के प्रतिनिधियों ने किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक रविवार को तहसील स्तर पर बैठकों के आयोजन की कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा शुरू की गई पहल की सराहना की। किसान संघों के प्रतिनिधियों ने कहा कि इन बैठकों से किसानों की स्थानीय स्तर की समस्याओं के निराकरण में तेजी आई है और इसके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं। किसान संघों के प्रतिनिधियों ने कृषि उपज मंड़ी में प्रत्येक रविवार को जैविक हाट के आयोजन की भी तारीफ करते हुए कहा कि जैविक हाट प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों को उनके उत?पादों की अच्छी कीमत दिलाने में कामयाब रहा है। किसान संघ के प्रतिनिधियों ने जैविक हाट का सप्ताह के सातों दिन आयोजन करने का सुझाव भी कलेक्टर को दिया। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने बैठक में बताया कि किसान संघों के प्रतिनिधियों और कृषि से जुड़े विभागों की आगामी संयुक्त बैठक शासन द्वारा प्रायोजित उन योजनाओं पर केन्द्रित होगी जिनके तहत पशुपालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन तथा मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों के लिए किसानों को अनुदान और ऋण उपलब्ध कराया जाता है। बैठक में भारतीय किसान संघ के संभागीय उपाध्यक्ष दामोदर पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम नारायण पचौरी, बीडी अरजरिया, भारतीय किसान संगठन के जिला उपाध्यक्ष संतोष पटेल, कोषाध्यक्ष राजेश पटेल सहित विभिन्न किसान संघों के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा उप संचालक कृषि यू के कटहरे, सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी एवं कृषि से जुड़े विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### सहकारी समितियों का सदस्य बनने से किसानों को होगी आसानी

बैठक में कलेक्टर ने किसानों विशेषकर नए कृषकों से सहकारी समितियों से जुड़ने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि शासन का फोकस सहकारिता के क्षेत्र को सुदृढ़ करने पर है। सहकारी समितियों का सदस्य बनने से किसानों को खाद एवं कृषि आदान ऋण पर प्राप्त करने में आसानी होगी। फिलहाल जबलपुर जिले के 2 लाख 50 हजार किसानों में से केवल 11 हजार किसान ही सहकारी समितियों के सदस्य हैं। श्री सिंह ने बताया कि सहकारी बैंकों का भी अब कम्प्यूटराइजेशन हो चुका है तथा किसानों को पैसा जमा करने और पैसा निकालने पर एसएमएस भी भेजे जा रहे हैं।